


## भोपाल एयरपोर्ट ने कस्टमर सैटिस्फैक्शन सर्वे (दूसरा राउंड) 2025 में अपनी टॉप पोज़िशन बनाए रखी !

## Bhopal Airport maintained its top position in the Customer Satisfaction Survey (second round) 2025.

**अपनी लगातार बेहतरीन परफॉर्मेंस और यात्रियों के मज़बूत भरोसे को फिर से साबित करते हुए, राजा भोज विमानतल, भोपाल को कस्टमर सैटिस्फैक्शन सर्वे (सीएसएस) - 2025 के दूसरे राउंड में फिर से नंबर 1 घोषित किया गया है। पहले राउंड में 5/5 और दूसरे राउंड में 4.99/5 के कस्टमर सैटिस्फैक्शन इंडेक्स के साथ, यह एयरपोर्ट देश भर के सभी 58 भाविप्रा विमानतलों में सर्वश्रेष्ठ विमानतल बनकर उभरा और कैटेगरी III हवाईअड्डों (जिन हवाईअड्डों पर सालाना 1.5 मिलियन या उससे ज़्यादा यात्री आते हैं) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

**Reaffirming its sustained excellence and strong passenger trust, Raja Bhoj Airport, Bhopal is again declared No. 1 in the Second Round of the Customer Satisfaction Survey (CSS) – 2025. With the Customer Satisfaction Index of 5/5 in first round and 4.99/5 in the second round, the airport emerged as the best airport among all 58 AAI Airports across the country, securing 1st position within Category III Airports (airports with annual passenger traffic of 1.5 million or more).**




प्रतिवर्ष 15 से 35 लाख यात्री संख्या वाले 58 एयरपोर्ट में संतुष्टि में अव्वल आया अपना एयरपोर्ट

फेस चेक से सिर्फ 10 मिनट में बोर्डिंग, फ्लाइब्रेरी और हर सीट में चार्जिंग से यात्रियों की पसंद ने बनाया नम्बर वन

भोपाल @ पत्रिका. राजाभोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कस्टमर

सबसे कम समय में बोर्डिंग





बदलते जमाने का अखबार
# पीपुल्स समाचार
स्थापना वर्ष 2009
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और नई दिल्ली से प्रकाशित
भोपाल
सिटी
14 पृष्ठ ₹ 3.00
■ वर्ष-17 ■ अंक-306
आज विज़िट द ज़ू डे
ssamachar.in | peoplesupdate.com | @PeoplesUpdate | @peoplesupdateofficial | PeoplesUpdateOfficial | whatsapp 9644644460 | @peoplesupdateofficial


## 58 एयरपोर्ट्स में भोपाल और खजुराहो एयरपोर्ट देश में नंबर-1



राजभोज एयरपोर्ट भोपाल का एरियल व्यूं

सोर्स : राजा भोज एयरपोर्ट प्रबंधन

### ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में यात्रियों के अनुभव के आधार पर रैंकिंग

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल

मो.नं. 8602467816

भोपाल और खजुराहो एयरपोर्ट पर मिल रही सुविधाओं से हवाई यात्री संतुष्ट है। भारतीय विमानन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा आयोजित दिसंबर 2025 के ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण (कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे, सीएसएस) के दूसरे राउंड में दोनों एयरपोर्ट को देश में पहला स्थान मिला है। एएआई साल में दो बार ये सर्वे करती है। पहला राउंड जनवरी से जून तक हुआ था। इस चरण में देश भर के 58 एएआई एयरपोर्ट्स को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण के अनुसार, भोपाल एयरपोर्ट ने पहले चरण में 5.00 और दूसरे में 4.99 अंक पाए हैं।

**कौन सा एयरपोर्ट किस स्थान पर**

| नाम | अंक मिले (5 में से) | स्थान |
|---|---|---|
| खजुराहो | 4.99 | पहला स्थान |
| भोपाल | 4.99 | पहला स्थान |
| औरंगाबाद | 4.99 | पहला स्थान |
| वडोदरा | 4.98 | दूसरा स्थान |
| कुल्लू मनाली | 4.98 | दूसरा स्थान |
| [illegible] | 4.97 | तीसरा स्थान |
| कोल्हापुर | 4.97 | तीसरा स्थान |
| उदयपुर | 4.96 | चौथा स्थान |
| हुबली | 4.96 | चौथा स्थान |
| जामनगर | 4.96 | चौथा स्थान |

राजभोज एयरपोर्ट दोनों राउंड में प्रथम स्थान पर है। यह सर्वेक्षण देश के 58 एयरपोर्ट पर यात्रियों को मिल रही सुविधाओं के अनुभव के आधार पर किया गया है।
-रामजी अवस्थी, निदेशक, भोपाल एयरपोर्ट

**इस आधार पर हुआ सर्वेक्षण**

कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे राउंड 2 में एयरपोर्ट का मूल्यांकन स्वच्छता, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं जैसे मानकों पर किया गया। सर्वे में यात्रियों से सुविधाओं पर प्रतिक्रिया ली गई।

भोपाल एयरपोर्ट का टर्मिनल काफी व्यवस्थित है। चेक-इन स्टाफ विनम्र और सहयोगी है। सुरक्षा जांच प्रक्रिया भी परेशानी मुक्त है।
- आशीष कौशिक,

---

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में खुलासा

## यात्रियों की पहली पसंद बना राजाभोज एयरपोर्ट

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

राजधानी के राजाभोज एयरपोर्ट ने ग्राहक सेवा संतुष्टि में देश में पहले स्थान पर रहा। यानि इस एयरपोर्ट स्टॉफ की सेवाएं यात्रियों की पहली पसंद बनी। भोपाल ने एक बार फिर यात्री सेवाओं में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के आयोजित कस्टमर सैटिस्फिक्शन सर्वे 2025 में देशभर के 58 एयरपोर्ट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह सर्वे देश के 58 एएआई एयरपोर्ट्स पर यात्रियों के अनुभव और सेवा गुणवत्ता के आकलन के आधार पर किया गया। इसमें वर्ष 2025 में भोपाल एयरपोर्ट ने पांच अकों में से राउंड-



एक जनवरी-जून में पूरे 5.00 तथा राउंड- दो जुलाई- दिसंबर में 4.99 अंक प्राप्त कर कुल मिलाकर प्रथम रैंक हासिल की।

एयरपोर्ट के निदेशक श्रीरामजी अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष पहली बार एएआई ने वार्षिक यात्री संख्या के आधार पर एयरपोर्ट्स को तीन यात्री श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। इसमें श्रेणी-एक में 5 लाख से कम, श्रेणी-दो में 5- 15 लाख, श्रेणी-तीन में 15 लाख - 35 लाख यात्री प्रतिवर्ष शामिल है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत राजाभोज एयरपोर्ट श्रेणी-तीन में शामिल है। इसमें रांची, उदयपुर, बागडोगरा, जम्मू जैसे बड़े और व्यस्त एयरपोर्ट्स आते हैं। उल्लेखनीय है कि भोपाल एयरपोर्ट ने न केवल समग्र रूप से बल्कि श्रेणी-तीन में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

भोपाल एयरपोर्ट की यह उपलब्धि उसके निरंतर सुधार की यात्रा को दर्शाती है। पहले जहां एयरपोर्ट की रैंकिंग सामान्यतः बीसवें स्थान के आसपास रहती थी, वहीं इससे पहले ग्राहक सेवा संतुष्टि 2022 में यह राउंड-एक में तृतीय और राउंड-दो में द्वितीय स्थान पर रहा।

**इन कारणों से मिली उपलब्धि**

राजभोज एयरपोर्ट ने यह उपलब्धि डिजीयात्रा सुविधा, तेज और सुगम सुरक्षा जांच, फ्लाईब्ररी यात्रियों के लिए खुली लाइब्रेरी, चार्जिंग सुविधा युक्त सीटें, बच्चों के लिए प्ले एरिया, आधुनिक तकनीक से युक्त स्वच्छ शौचालय तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय से यात्रियों को मिले अनुभव के आधार बेहतर पाया है। हाल ही में भोपाल एयरपोर्ट को हाल ही में कैट 2 ने इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम से अपग्रेड किया है, जिससे 350 मीटर तक कम दृश्यता में भी सुरक्षित उड़ान संचालन संभव हुआ है।